डॉ. विनोद कुमार सिंह
कुल सचिव
**Dr. Vinod Kumar Singh**
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref. No. R/583/22
Date. 18.05.2022

# कार्यालय–ज्ञाप

कोविड–19 के कारण विलम्बित शैक्षणिक सत्र को नियमित करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 1275/सत्तर–1–2021–16 (11)/2014 टी0सी0–II, दिनांकः 09 सितम्बर, 2021 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्याः जी0ए0/15709–20 दिनांक 24.09.2021 द्वारा शैक्षणिक कैलेण्डर निर्गत किया गया है। विभिन्न शैक्षिक संगठनों तथा शिक्षकों की मांग एवं उनके अनुरोध पर शिक्षक एवं शैक्षणिक हित में विश्वविद्यालय परिसर तथा सहयुक्त महाविद्यालयों में ग्रीष्मावकाश प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में सम्यक् विचारोंपरान्त मा0 कुलपति जी द्वारा निम्नवत् निर्णय लिया गया हैः–

**जो शिक्षकगण परीक्षा, मूल्यांकन, एवं प्रवेश प्रक्रिया में कार्य कर रहे हैं उनको छोड़कर शेष समस्त शिक्षकगणों हेतु शैक्षणिक सत्र 2021–22 में दिनांक 20 मई, 2022 से 03 जुलाई, 2022 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाता है।**

उक्त अवधि में विश्वविद्यालय कार्यालय यथावत् खुले रहेगें तथा परीक्षायें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। ग्रीष्मावकाश अवधि में शैक्षणिक/परीक्षा सम्बन्धी कार्यों में संलग्न शिक्षकों को नियमानुसार प्रतिकर अवकाश देय होगा।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्याः दिनांकः
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक/इंचार्ज, ल0वि0वि0।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, ल0वि0वि0।
4. अध्यक्ष/महामंत्री, लूटा/लुआक्टा, ल0वि0वि0।
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
6. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त समस्त को ई–मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
7. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव